हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



4 स्कूली बच्चों ने किया रायपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन




## खबर संक्षेप



### आज विधानसभा घेराव बनाई गई रणनीति

**रायगढ़।** आज राजधानी रायपुर में मनरेगा बचाओ संग्राम एवं प्रदेश में भाजपा नेताओं के द्वारा प्रतिबंधित सूखा नशा अफीम की खेती किये जाने के विरोध में एवं विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव की रूपरेखा और कांग्रेस बूथ कमेटी संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत विधानसभावार नियुक्त रायगढ़ कार्यक्रम जिला प्रभारी श्रीमती आरती सिंह की उपस्थिति में बैठक की गई। जिसमें पंचायत स्तर बूथ कमेटी व वार्डों के संगठनात्मक ढांचे को पूर्ण किए जाने के आवश्यक दिशा निर्देश के साथ चर्चा हुई। विधानसभा घेराव की रणनीति पर विशेष विस्तृत चर्चा हुई जिसमें सभी वरिष्ठों, जिला कांग्रेस पदाधिकारीगणों कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने अनुभवों के आधार पर सुझाव के साथ अपना पक्ष रखा।

### साक्षरता कार्यक्रम में 18 हजार शिक्षार्थी होंगे शामिल

**रायगढ़।** जिले में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायगढ़ के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षार्थियों को 200 घंटे का अध्यापन पूर्ण कराने के बाद उनका आकलन किया जाता है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान एनआईओएस द्वारा 22 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक महापरीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के 18,303 शिक्षार्थी शामिल होंगे।

### अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**रायगढ़।** नगर पंचायत उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के वार्ड क्रमांक 06 में फोटोयुक्त मतदाता नामावली के निर्माण एवं पुनरीक्षण कार्य के लिए रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के पालन में नगर पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए 1 अप्रैल 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर, वार्ड क्रमांक 06, जिला रायगढ़ के अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 06 अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती नेहा उपाध्याय को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

### सेवई घास की टोकनी से बदली जिंदगी

**रायगढ़।** जनपद पंचायत लैलूंगा के ग्राम भेडीमूड़ा अ की महिलाओं ने सामूहिक प्रयास और मेहनत से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद महिला जागरूकता स्व सहायता समूह की महिलाओं की आजीविका में बड़ा बदलाव आया है। समूह की सदस्य कमला भगत और कुमारी भगत बताती हैं कि पहले समूह की महिलाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सवाई घास से छोटे स्तर पर टोकनी बनाकर किसी तरह अपनी आजीविका चलाती थीं। सीमित आय के कारण परिवार की जरूरतें पूरी करना मुश्किल होता था।

## इसके पहले भी किसानों ने कलेक्टर को दे दिया है लिखित में

# हवाई अड्डे के लिए किसान नहीं देंगे पूर्वजों की जमीन, चार गांव के ग्रामीणों की हुई बैठक



**जीवन यापन का मुख्य साधन**

किसानों का कहना है कि खेती उनके जीवन यापन का मुख्य साधन है। यदि जमीन ही चली जाएगी तो अपने और अपने परिवार का पालन पोषण किस तरह से कर पाएंगे। किसानों का कहना है कि यदि उनकी जमीन ही छीन गई तो परिवार को भूखे रहना पड़ेगा। अधिग्रहण के बाद जो भी राशि मिलेगी वह तो कुछ समय बाद खत्म हो जाएगी। ऐसे में न तो उनके पास जमीन बचेगी और न ही पैसे। तब परिवार पर संकट आ जाएगा।

**एक बार मिल चुका है धोखा**

किसानों को हवाई पट्टी के नाम पर एक बार धोखा मिल चुका है। इसके कारण किसान घबराए हैं। अभी आरआई पटवारी इसके लिए जमीनों का सर्वे कर रहे हैं। इसके बाद अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अभी चारों गांव का रिपोर्ट आया नहीं है। हालांकि चारों गांव के पूरे जमीन नहीं आ रहा है। कोड़ातराई और जकेला की पूरी जमीन इसके जद में आने की बात कही जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हवाई अड्डे के लिए सर्वे शुरु होने के बाद ग्रामीणों का विरोध भी चालू हो गया है। किसान अपने पूर्वजों की जमीन देना नहीं चाहते। इसके लिए 15 मार्च को चार गांव औरदा, जकेला, बेलपाली और कोड़ातराई के किसानों ने की बैठक की है। इस बैठक में ग्रामीणों ने एक संघर्ष समिति का गठन भी किया है। किसान इसके लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं।

कोड़ातराई हवाई अड्डा का यह दूसरा एपीसोड है। इसके पहले भी इन्हीं चारों के गांवों के जमीनों को अधिग्रहित की गई थी, लेकिन हवाई अड्डे का प्रस्ताव की कैंसिल हो गया। इसके बाद अधिग्रहित की गई जमीन कों वाने के लिए किसानों को सालों तक पापड़ बेलना पड़ा है। इसके बाद बिक्री की अनुमति मिली थी। अब तो जमीन देना ही नहीं चाह रहे हैं। इसकी खिलाफत किसानों ने शुरु कर दिया हे। रविवार को बैठक किया गया और अधिग्रहण का विरोध करने का फैसला लिया गया। मिनिट बुक में सौ से अधिक किसानों का हस्ताक्षर है जो हवाई अड्डे के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं।

# पहले दिन 2345 कॉपियों की जांच, आज से बढ़ेगा टारगेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को पहले दिन दोनों जांच सेंटर में 2345 कॉपी की जांच हुई है। दोनों सेंटर में करीब 700 वेल्यूअर पहुंचे थे। आज से जांच का टारगेट बढ़ाया जाएगा। पहली दिन ट्रायल के तौर पर केवल 4-4 कॉपी ही जांच के लिए दी गई थी। जांच सेंटर नटवर स्कूल में कक्षा 12 वीं में 596 कॉपी जांच हुई है। वहीं 10 वीं में 782 कॉपी जांच की गई है। इसी तरह पुत्री शाला में कक्षा 10 वीं में 611 और 12 वीं में 356 कॉपी की जांच हो पाई है। नटवर स्कूल में 10 वीं में 197 और 12 वीं में 163 वेल्यूअर पहुंचे थे। पुत्री शाला में 10 वीं में 169 और कक्षा 12 वीं में 100 मूल्यांकनकर्ता पहुंचे थे। आज वेल्यूअरों की संख्या भी बढ़ेगी और कॉपियों का टारगेट भी 40-40 किया जाएगा।

**ऐसे भेजी गई है बोर्ड की कॉपी**

नटवर स्कूल में कक्षा 10 वीं की 41 हजार 586 और 12 वीं की 17 हजार 101 कॉपी भेजी गई है। इसी तरह पुत्री शाला में 12 वीं में 15 हजार 248 और कक्षा 10 वीं में 40 हजार 594 कॉपी आई है। इन कॉपियों को जांच करने का समय भी तय कर दिया गया है।

# महिला से छेड़खानी, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घर घुसकर महिला से छेड़खानी और मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी आशीष बघेल उर्फ संजू बघेल पिता स्व. संतोष बघेल 24 निवासी इंदिरानगर पूछापारा रायगढ़ है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में मारपीट का भी अपराध दर्ज है, मोहल्लेवासी आरोपी आये दिन झगड़ा विवाद करने की शिकायत की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा 25 फरवरी को महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 24 फरवरी की दोपहर वह अपने घर का बिजली कनेक्शन ठीक करवा रही थी। इसी दौरान बिजली का तार हिल जाने से मोहल्ले में कुछ देर के लिए बिजली चली गई और फिर वापस आ गई। इस बात से नाराज होकर आरोपी संजू बघेल उसके घर में घुस आया और तुम्हारी वजह से बिजली चली गई, कहते हुए गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़िता के अनुसार अगले दिन 25 फरवरी की रात आरोपी फिर उसके घर में घुस आया और झगड़ा करते हुए गंदी नीयत से छेड़खानी तथा मारपीट की। पुलिस ने धारा 331, 4, 200, 115,2, 76, 74 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### घर घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** मामुली विवाद पर घर अंदर घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को छोटे बाई चंद्रा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी की पूर्व में जमीन बंटवारे को पुरानी रंजिश रखते हुए मामूली बातो को लेकर आरोपी महावीर चंद्रा द्वारा घर अंदर घुस कर अश्लील गाली गलौच कर डंडा और हाथ मुक्का से मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड गैंग ने अनुदान के लिए महिला को लिया झांसे में, उसके खाते में जमा कराई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**बैंक ने दी महिला को गलत तरीके से खाते में राशि जमा होने की जानकारी**

अनुदान की राशि के लिए महिला को झांसे में लेकर उसके खाते का अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड गैंग ने उपयोग किया और लाखों जमा कराई। इसकी जानकारी बैंक ने महिला को दी और बताया कि खाते में गलत तरीके से राशि जमा हो रही है। इसकी जानकारी मिली तो महिला के पैरों तले जमीन की खिसक गई। उसने पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी से जुड़े गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ कर पूरे गैंग का पर्दाफाश करने में जुटी हुई है। इंदिरानगर की रहने वाली महिला आयशा परवीन, जो एनजीओ से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता है। उसने 12 मार्च को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि दिसंबर 2025 में उसके भांजे ने उसकी पहचान अभय यादव और विजय चंद्रा से कराई थी। विजय चंद्रा ने बताया कि एक कंपनी मद से सामाजिक कार्यों के लिए अनुदान देना चाहती है, जिसके लिए उसके संस्थान के पंजीयन से संबंधित दस्तावेज लिए गए। कुछ दिनों बाद विजय चंद्रा ने अपने साथी अजय साहू और सचिन चौहान से महिला का संपर्क कराया। आरोपियों ने महिला को भरोसे में लिए महिला अपने संस्थान के नाम से एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया। खाता खुलवाने के बाद अजय यादव ने ऑनलाईन ट्रांजेक्शन के लिए तथा अन्य लगिन संबंधी प्राक्रिया पूर्ण कर स्वयं ही 10 रुपए मेरे खाते में भेजकर चेक किया। कुछ दिन बाद महिला को कंपनी से नौकरी दिए जाने और अनुदान राशि लेने के लिये गुवाहटी बुलाया गया। महिला और उसके पति की फ्लाइट टिकट और होटल में रूकने की व्यवस्था की गई। हॉटल में शाम में दो अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को कंपनी की ओर से होना बताकर इसके का बैंक खाता रजिस्टर्ड लेकर मोबाइल पर फाईल डाउनलोड किए तथा बताये कि अब कंपनी के अधिकारियों के द्वारा खाते को चेक किया जायेगा। उसके बाद कई बार आकर मोबाइल लेकर चेक करते थे तथा उनके द्वारा बताया गया कि मेरा खाता में कोई समस्या आ गई है जिस कारण पैसे का ट्रांजक्शन नहीं हो पा रहा हैं। लगभग एक सप्ताह तक उन्हें वहीं रखकर विभिन्न ट्रांजेक्शन कराए गए और 12 जनवरी को उन्हें वापस जाने दिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी टेलीग्राम के माध्यम से अपने ऊपर संचालित साइबर फ्रॉड गैंग से जुड़े हुए थे। विजय चंद्रा ने गुवाहाटी स्थित गैंग से संपर्क कर महिला के कॉरपोरेट अकाउंट की जानकारी साझा की। इसके बाद आरोपियों ने महिला और उसके पति को गुवाहाटी बुलवायाए जहां होटल में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई। वहां गैंग के सदस्यों ने महिला का मोबाइल, चेकबुक आदि अपने पास रखकर उसके मोबाइल में फाइल इंस्टॉल कराई और उसके बैंक खाते के माध्यम से ट्रांजेक्शन कराए। रायगढ़ लौटने के बाद महिला को बैंक से कॉल आया कि उसके खाते में संदिग्ध लेनदेन हो रहे हैं। 14 जनवरी को बैंक द्वारा बताया गया कि उसके खाते से साइबर फ्रॉड की गतिविधियां हो रही हैं। बाद में महिला को देश के विभिन्न राज्यों से मेल प्राप्त हुएए जिनमें उसके खाते में साइबर फ्रॉड से संबंधित विवादित रकम जमा होने की जानकारी दी गई। जांच में पता चला कि 29 दिसंबर 2025 से ही उसके खाते में संदिग्ध ट्रांजेक्शन शुरू हो गए थे। जब महिला ने इस बारे में विजय चंद्रा से संपर्क किया तो उसने बैंक की गलती बताकर समय मांगा, लेकिन बाद में संपर्क से गायब हो गया। महिला की शिकायत पर साइबर पुलिस थाना रायगढ़ में धारा 318, 4, 3,5ठ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। महिला से पूछताछ कर अंतरराज्यीय साइबर ठगी से जुड़े पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**ये हैं साइबर ठगी के आरोपी**

आरोपियों में मितेश सोनी 31 निवासी वसुंधरा नगर भिलाई 3 जिला दुर्ग, विजय चंद्रा 35 निवासी ग्राम कटौत थाना डभरा जिला सक्ती, अजय साहू 35 निवासी ढिमरापुर चौक थाना सिटी कोतवाली रायगढ़,अभय यादव 23 निवासी कौहाकुंडा पहाड़ मंदिर थाना चक्रधरनगर तथा सचिन चौहान, 24 निवासी कलमीडिपा थाना चक्रधरनगर शामिल हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अभय यादव पहले एक स्थानीय बैंक में कार्य कर चुका है। उसकी पहचान विजय चंद्रा से थी और विजय चंद्रा की पहचान अजय साहू और मितेश सोनी से हुईए जो पहले से साइबर फ्रॉड गैंग से जुड़ा था। इसी के माध्यम से अभय यादव, विजय चंद्राए अजय और सचिन चौहान को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया, जहां से उन्हें कॉरपोरेट बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने का काम सौंपा गया।

# 3 वाहनों से 75 टन स्क्रैप जब्त, अवैध कबाड़ परिवहन पर कार्रवाई



**रायगढ़।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 वाहनों से करीब 75 टन लोहे का स्क्रैप जब्त किया गया है। जब्त स्क्रैप की अनुमानित कीमत लगभग 23 लाख 69 हजार है। जबकि कार्रवाई में जब्त वाहनों की कीमत करीब 37 लाख रुपये है। 15 मार्च को थाना पूंजीपथरा टीआई के नेतृत्व में गेरवानी चौक में 18 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 13 एजेड 7090 को रोककर जांच की गईए जिसमें करीब 31 टन लोहे का एंगल, छड़ एवं मशीनरी पार्ट्स का स्क्रैप लोड था। जिसकी कीमत 10 लाख 30 हजार 500 आंकी गई। वाहन चालक नितीश कुमार 25 निवासी कनाई थाना चारपोखरी जिला आरा भोजपुर बिहार के कब्जे से उक्त स्क्रैप जब्त कर उसके विरुद्ध धारा 35, क ड 303, 2 के तहत कार्रवाई करते हुए धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुसौर पुलिस ने 15 मार्च को सरिया से पुसौर की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 09 एन 9105 को रोककर जांच की। ट्रक में लोहे का कबाड़ लोड मिला। चालक विजेन्द्र लाहुर 50 निवासी चचौरा थाना सब जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश से पूछताछ में उसने कबाड़ को रायगढ़ ले जाना बतायाए लेकिन परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने संदेह के आधार पर 25.620 टन स्क्रैप कीमत 7 लाख 68 हजार 600 तथा ट्रक कीमत लगभग 15 लाख रुपए जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की। इसी क्रम में कोतरारोड़ पुलिस ने कोसमनारा तिराहा में नाकेबंदी कर 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 5899 को रोककर जांच की। वाहन चालक मनोज यादव 40 निवासी छोटेवां थाना अवतार नगर जिला सारण बिहार ने ट्रक में करीब 19 टन लोहे का छड़ के टुकड़े एवं कबाड़ रायगढ़ ले जाना बताया। माल के संबंध में कागजात प्रस्तुत करने नोटिस देने पर चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने करीब 5 लाख 70 हजार कीमत का स्क्रैप सहित ट्रक को जब्त कर धारा 35,क, ड 303, 2 ठ के तहत कार्रवाई की तथा चालक पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई।

### न अधिग्रहण न कोई मुआवजा, फिर भी किसान के खेत में खड़ा कर दिया कंपनी ने मिट्टी का पहाड़

**छाल।** छाल क्षेत्र के ग्राम चंद्रशेखरपुर में एक आदिवासी किसान जय कुमार राठिया की कृषि भूमि पर सुनील कुमार अग्रवाल एसकेए कंपनी द्वारा जबरन मिट्टी का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। हैरानी



की बात यह है कि किसान की खसरा नंबर 116/1 की भूमि का न तो कोई विधिवत अधिग्रहण हुआ है और न ही किसान को कोई मुआवजा मिला है। इसके बावजूद अनुबंध का हवाला देकर एसकेए कंपनी ने अपनी इस भूमि पर मिट्टी का ढेर लगा दिया। जब पीड़ति किसान ने इसका विरोध किया तो उसे न्याय के बदले धमकी मिली। पीड़ित जय कुमार राठिया की व्यथा यह बताने के लिए काफी है कि क्षेत्र में माइनिंग कंपनियों का आतंक किस कदर बढ़ गया है। खुलेआम बिना अधिग्रहण के निजी भूमि का उपयोग करना और विरोध करने पर धमकाना, सीधे तौर पर मानवाधिकारों और संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

### नाव में हो रही शराब की तस्करी



**सरिया।** ओड़िशा से नाव में शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को सरिया पुलिस को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 मार्च को दौरान पेट्रोलिंग सूचना मिला कि महानदी में नाव में एक व्यक्ति भारी मात्रा में महुलपाली घाट उड़ीसा से शराब लेकर ग्राम तोरा की ओर रहा है कि सूचना मिलने पर मुखबिर के बताए स्थान महानदी घाट किनारे ग्राम तोरा में एक व्यक्ति नाव में आते मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना नाम वीरेंद्र माझी पिता कीर्तन माझी उम्र 32 वर्ष सा महुलपाली थाना रेंगाली जिला झारसुगडा उड़ीसा का होना बताया। जिसके कब्जे में नाव में रखे पांच बोरी में 750 पाउच प्रत्येक पाउच में 180 उस भरा हुआ कुल 135 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 27 हजार मिला। गवाहों के समक्ष महुआ शराब तथा घटना में प्रयुक्त 'नाव कीमती 20 हजार कीमती 47 हजार जब्त कर आरोपी के खिलाफ थाना सरिया में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## जिला चिकित्सालय रायगढ़ से हुई शुरुआत, बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बच्चियों को लगा रहे टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय रायगढ़ से किया गया। अभियान के तहत जिला चिकित्सालय में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ओपीडी समय में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यएचपीवीद्ध से बचाव के लिए निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। इस अभियान के माध्यम से जिले के लगभग 12 हजार छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ में नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस टीकाकरण से अवश्य लाभान्वित कराएं। नगर निगम सभापति डिग्री लाल साहू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथण्साथ समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। यह टीकाकरण कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल ने बताया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस होता है। कम आयु में यह वैक्सीन लगाए जाने से इस बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। इस अवसर पर डीपीएम सुश्री रंजना पैकराए सीपीएम डॉ. सोनाली मेश्राम, मितानिन दीदियां तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला कोषालय में 18 को लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** महालेखाकार रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 18 मार्च को जिला कोषालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के सामान्य भविष्य निधि के ऋणात्मक शेषए फूलवांटए पार्टवांटए मिशिंग क्रेडिटए सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने जिले के सभी कर्मचारियों को सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि में शिविर में उपस्थित होने के लिए अपील किए हैं।

### विधानसभा घेराव में शामिल होने जिले से जाएंगी महिला कार्यकर्ता

**जशपुरनगर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। इसी कड़ी में 17 मार्च को रायपुर में विधानसभा घेराव किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन को लेकर जशपुर जिले में भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी रायपुर पहुंचकर इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्यारी कुजूर के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की टीम इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएगी। उनके साथ सफीरा टोप्पो, उर्मिला भगत, जसिंता लकड़ा, कुनकुरी नगर पंचायत की महिला ब्लॉक अध्यक्ष अल्मा लकड़ा और अंजना सहित अन्य महिला कार्यकर्ता भी रायपुर जाएंगी।

### कुनकुरी में 17 और पत्थलगांव में 18 को प्लेसमेंट कैम्प

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 17 मार्च को आईटीआई कुनकुरी तथा 18 मार्च को आईटीआई पत्थलगांव में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड नोएडा ;ओपीद्ध संस्था द्वारा विद्युत मीटर तकनीशियन के लगभग 150 पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 10वींए 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से 18 हजार रुपए तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि को प्रातः 11:30 बजे संबंधित स्थान पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेना होगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्रए आधार कार्डए पैन कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। जिला रोजगार कार्यालय ने जिले के योग्य एवं इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कर रहे थे परिवहन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** फर्जी नंबर प्लेट लगाकर धान उठाव में लगे ट्रक को पुलिस ने जब्त करने के साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि लखनपुर खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह कंवर ने पुलिस से शिकायत की थी कि वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएस 0366 के दो ट्रक अलग अलग क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे है। राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से इस संबंध में अलर्ट मैसेज आया था। ट्रक को धान उठाव व परिवहन कार्य के लिए किराए पर लगाया गया है। सूचना के बाद पुलिस ने चालक राम मानिकपुरी से वाहन के दस्तावेज मांगे गए लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका जिसके बाद वाहन को जब्त कर आरटीओ से जानकारी मांगी गई जिसमें यह पता चला कि उक्त वाहन में फर्जी नम्बर प्लेट लगाया गया है। ट्रक में दो चेचिस नम्बर मौजूद थे जिसमें से एक नम्बर पर कोई वाहन पंजीकृत नहीं था जबकि दूसरे चेचिस नम्बर पर वाहन क्रमांक सीजी 15 डीजे 9799 पंजीकृत पाया गया।

### ज्वाइंट डायरेक्टर ने तीन दिनों का दिया समय

# सिविल अस्पताल मामले में सीएमएचओ देंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

कार में शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत के बाद सिविल अस्पताल में डाक्टर या नर्स नहीं मिलने के मामले में ज्वाइंट डायरेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिनों का समय देते हुए जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है।

खबर का असर

बता दें कि गत दिवस शिक्षक कार्तिकेश्वर निषाद की कार में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। मौत के बाद उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां अस्पताल के गेट के पास परिजन घण्टो तक डाक्टर और नर्स ढूंढते रहे। सूचना पटल खाली था। वहां पर ड्यूटी में कोई डाक्टर नहीं था। अस्पताल में कोई अटेंडर भी मौजूद नही था। कुछ देर बाद एक डॉक्टर ने मेरी ड्यूटी का समय खत्म हो चुका है कहकर पल्ला झाड़ लिया था। इस दौरान वहां काफी गहमागहमी के बाद दूसरे डाक्टर ने शिक्षक की मौत की पुष्टि की। इस संबंध में हरिभूमि में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए ज्वाइंट डायरेक्टर अनिल शुक्ला ने जशपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोटिस थमाते हुए जांच प्रतिवेदन 3 दिवस में प्रस्तुत करने कहा गया है।


शिक्षक की हार्टअटैक से मौत के बाद सिविल अस्पताल में भटकते रहे परिजन

गेट पर नहीं मिला कोई

ड्यूटी पर कौन पता नहीं चलता

नहीं मिलती जानकारी

#### दिया गया है नोटिस

सिविल अस्पताल पत्थलगांव की ब्यवस्था के संबंध में अखबार के माध्यम से जानकारी मिली है। उसे महत्वपूर्ण मानते हुए जशपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोटिस देकर 3 दिवस में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

-अनिल शुक्ला, ज्वाइंट डायरेक्टर, सरगुजा

#### जनता किससे करे उम्मीद

किसी डाक्टर के द्वारा ये कहना आम जन मानस को झकझोर रहा है। कि कैसे कोई डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी से मुकर सकता है। ड्यूटी चार्ट में जिस डॉक्टर का नाम था, उन्होंने कहा कि वे ड्यूटी पर नहीं हैं और वहां ड्यूटी कर रहीं डॉक्टर ने ये कह दिया कि मेरी ड्यूटी खत्म हो गई है। आम जन अपनी जान बचाने अस्पताल जाएं तो उन्मीद किससे करें कैसे करें। इतना सब होने के बाद भी जिस तरह पत्थलगांव से लेकर जशपुर तक के स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन का रवैया था उससे आम जन को किसी तरह की कोई जांच कार्रवाई की उन्मीद नही दिख रही थी, लेकिन खबर प्रकाशन के बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और मामले में रिपोर्ट मांगी है।

#### सीएमएचओ ने बीएमओ को जांच के दिए निर्देश

मामले में प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने खंड चिकित्सा अधिकारी पत्थलगांव को पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अस्पतालों में मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने तस्करों से छुड़ाए 15 गौवंश नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस की सख्ती का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 15 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस दौरान एक विधि से संघर्षरत बालक सहित पांच गौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, 14 मार्च को डीआईजी व एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने स्वयं पुलिस बल के साथ गौ तस्करी के संभावित रास्तों पर सर्च अभियान चलाया था। साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और गौ तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की थी। पुलिस की इस पहल का असर जल्द ही देखने को मिला और ग्रामीणों की सूचना पर तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।

#### हाथीसार के जंगल से 12 गौवंश मुक्त

पुलिस को 15 मार्च को सूचना मिली कि कुछ तस्कर ग्राम हाथीसार के जंगल रास्ते से गौवंशों को पैदल हांककर मारते-पीटते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने जंगल में घेराबंदी कर कार्रवाई की और 12 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया।

#### मौके से पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

पकड़े गए आरोपियों में असरफुल कादरी उम्र 23 वर्ष निवासी गोविंदपुर, झारखंड, शरीफ अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी डढ़गांव चौकी मनोरा जशपुर और एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। आरोपियों के पास गौवंश से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## जशपुर में भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन

**जशपुरनगर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जशपुर में सोमवार को भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का मासिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उनसे सुझाव प्राप्त करना था।

■ सरकारी योजनाओं व स्वास्थ्य सुविधाओं की दी गई जानकारी

कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) पीके ठाकुर एवं कल्याण संयोजक हेमंत कुमार सार्वा ने उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को शासन द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा सहायता, पुनर्वास योजनाएं तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। सम्मेलन के दौरान भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से विभिन्न मुद्दों पर सुझाव भी लिए गए। कई सैनिकों ने स्वास्थ्य सुविधाओं, दस्तावेजी प्रक्रिया और योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक पहल की जाएगी ताकि सैनिकों और उनके परिवारों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक पॉलीक्लिनिक के प्रभारी लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) नरेश चन्द्रा, दंत चिकित्सक डॉ. प्रदीप यादव तथा डॉ. मयंक श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चिकित्सा विशेषज्ञों ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित जांच, उपचार सुविधाओं तथा पॉलीक्लिनिक में मिलने वाली चिकित्सा सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

#### पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार हुए सम्मिलित

सम्मेलन में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया और विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अन्य पात्र सैनिक परिवारों को भी इसकी जानकारी देने का आग्रह किया।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगाया, बिहार से आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** सोशल मीडिया के माध्यम से हुई दोस्ती के बाद एक युवक ने 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को प्यार और शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा लिया और बिहार ले जाकर उसका शारीरिक शोषण किया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए जशपुर पुलिस ने बिहार पहुंचकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया तथा नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला थाना नारायणपुर क्षेत्र के एक ग्राम का है। इस मामले में बिहार निवासी अविनाश कुमार साहनी उम्र 21 वर्ष के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 87, 61(2), 96 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5 व 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पीड़िता के कथन के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 87, 61(2), 96 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5 और 6 जोड़ते हुए नाबालिग का मेडिकल परीक्षण कराया।

## कायस्थ महिला समाज ने मनाया महिला दिवस

**जशपुरनगर।** कायस्थ महिला समाज द्वारा सोमवार को चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे आयोजन को उत्साह और उमंग से भर दिया।

■ बुजुर्ग महिलाओं का किया गया सम्मानित

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर लता श्रीवास्तव एवं डॉ. मधुलिका ने महिला शक्ति पर अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को समाज में अपनी भूमिका और सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। ज्योति श्रीवास्तव, जयंती सिन्हा, सुनीता सिन्हा, श्वेता अंबष्ट, अंशु वर्मा और पंखुड़ी अंबष्ट ने अपने मोहक नृत्य से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं ममता सिन्हा और नीलम वर्मा की



स्वरचित कविताओं ने महिला शक्ति और कायस्थ महिला संगठन की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ज्योति श्रीवास्तव, स्वाति सिन्हा और स्मिता श्रीवास्तव ने मनोरंजक खेल, प्रश्नोत्तरी और पहेलियों के माध्यम से महिलाओं का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं प्रियांश श्रीवास्तव ने अपने चुटकुलों से सभी को खूब हंसाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज की बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान रहा। समाज की वरिष्ठ महिलाओं को श्रीफल एवं सुंदरकांड धार्मिक ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन ममता सिन्हा, जयंती सिन्हा और ज्योति श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से गरबा नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। इस सफल आयोजन में लता श्रीवास्तव,अंजला श्रीवास्तव, रीता वर्मा, उमा वर्मा, सुनीला सिन्हा, सुनीता सिन्हा, अनीता सिन्हा, पूनम सिन्हा, ममता सिन्हा, रश्मि वर्मा, अमृता अंबष्ट, नमिता वर्मा, नीलम सिन्हा, शिल्पी सिन्हा सहित सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## जनगणना की तैयारी के लिए दिया गया रिफ्रेशर प्रशिक्षण



**रायगढ़।** जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर आज जिला कलेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक जानकारी और दिशा निर्देश प्रदान किए गए। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी। इसके अंतर्गत जिले में प्रथम चरण के तहत 01 से 30 मई 2026 के बीच मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित फील्ड कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी यराजस्व, आयुक्त एवं चार्ज अधिकारी जनगणना नगर निगम रायगढ़, तहसीलदार सह चार्ज अधिकारी जनगणना,नायब तहसीलदार सह अतिरिक्त चार्ज अधिकारी सहित उनके लिपिक एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

■ मई में शुरू होगा मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का फील्ड कार्य

## सभी राशन कार्डधारियों का ई केवाईसी किया जाना अनिवार्य



**जशपुरनगर।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्डश योजना के अंतर्गत राज्य में सभी राशन कार्ड धारकों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के सभी राशन कार्ड धारियों का ई.केवाईसी कार्य समय.सीमा में पूर्ण कराया जाए। साथ ही कलेक्टर श्री व्यास ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि जिन पंजीकृत हितग्राहियों ने अब तक ई.केवाईसी नहीं कराया हैए वे भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अनिवार्य रूप से अपना ई.केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराएं।

जिला खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 2ए66ए620 राशन कार्ड प्रचलित हैंए जिनमें 9ए23ए233 सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 8ए16ए193 सदस्यों का ई.केवाईसी पूर्ण किया जा चुका हैए जबकि 1ए07ए040 सदस्यों का ई.केवाईसी किया जाना शेष है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई.केवाईसी से छूट प्रदान की गई है। हितग्राहियों की सुविधा के लिए राज्य की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में संचालित मशीनों के माध्यम से ई.केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त हितग्राही मेरा ई.केवाईसी ऐप के माध्यम से भी स्वयं ई.केवाईसी कर सकते हैं। यह ऐप एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप में राज्य का चयन कर आधार नंबर दर्ज करने और ओटीपी सत्यापन के बाद फेस ई.केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना से महिलाओं को घरेलू जरूरतों की पूर्ति में सहूलियत मिल रही है और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। जिला जशपुर के ग्राम पुरनानगर की निवासी एनीमा खलखो ने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली राशि उनके लिए काफी सहायक साबित हो रही है। वे इस राशि का उपयोग अपने बच्चे की पढ़ाई और पोषण से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में करती हैं। साथ ही घर की छोटी.मोटी जरूरतों को भी इसी राशि से पूरा कर लेती हैं।

## एलपीजी टंकी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर हो सख्त कार्रवाई



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागए खाद्य विभागए मछली पालन विभागए समाज कल्याण विभागए महिला एवं बाल विकास विभाग सहित एनआरएलएम एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोकए अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ श्रीमती प्रियंका रानी गुप्ता सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

खाद्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने राशन कार्ड धारकों के ई.केवाईसी कार्य को निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संदिग्ध राशन कार्डों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के को कहाए जिसमें जांचए डुप्लीकेट कार्ड निरस्त करना एवं अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाना शामिल है। साथ ही एलपीजी टंकी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर सख्त कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को उज्जवला योजना के तहत निर्धारित समय सीमा में गैस कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर श्री व्यास ने ने आंगनबाड़ी भवनों के साथ ही शौचालयों के निर्माण कार्य समय.सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जनमन के तहत बन रहे आंगनबाड़ी भवनों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत बचे हुए ई.केवाईसी कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिएए ताकि इस योजना का लाभ लेने से कोई वंचित न हो। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पेंशन योजना के हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गएए ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ मिल सके। इसके अलावा कलेक्टर ने सशक्त जशपुर अभियान के तहत शिविर आयोजित कर शत प्रतिशत दिव्यांजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने शासकीय तालाबों का नियमानुसार पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिएए जिससे जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध हो सके। साथ ही एनएफडीबी के अंतर्गत मछुआ पालक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा उन्हें केसीसी योजना से जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में कलेक्टर श्री व्यास ने स्व.सहायता समूहों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ानेए लंबित बैंक लिंकेज कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को ऋण वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।उन्होंने पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा करते हुए ओडीएफ प्लस मॉडलए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधनए गांवों में कचरा संग्रहण व्यवस्थाए हाट.बाजारों की नियमित साफ.सफाईए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माणए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा स्वच्छता श्रमदान की प्रगति की जानकारी और इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### कुनकुरी में 5 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# गुणवत्ता के साथ जल्द कार्य पूरा करें: कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,द्वारा नगर पंचायत चुनाव के दौरान कुनकुरी नगर के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की घोषणा की गई थी। इन कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन विकास कार्यों का भूमिपूजन मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय के द्वारा नगर पंचायत कुनकुरी परिसर में विधिवत रूप से किया गया। भूमि पूजन का कार्य पंडित प्रवीण पांडे के द्वारा संपन्न कराए गए।

भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित कौशल्या साय ने नगर पंचायत के अधिकारियों और इंजीनियरों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि नगर के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और नगर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।



#### निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो

इस अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र पात्रे ने नगर में संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा।

#### हनुमान टेकरी उद्यान का निरीक्षण

कार्यक्रम के दौरान कौशल्या साय ने हनुमान टेकरी के समीप बन रहे गार्डन का निरीक्षण भी किया और कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। पार्षद अमन शर्मा ने मुख्यमंत्री का 5 करोड़ के विकास राशि देने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

#### इनकी रही उपस्थिति

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील, मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, दीपक हेडा, शिव गुप्ता, राहुल सिंह, अमन वर्मा,पार्षद अमन शर्मा, अमित मिश्रा,रोहित सिंह,शीतल बजाज, अनीता गुप्ता, सावित्री चौहान, गुलाबी पैंकरा, राजेश साव, अजीत किषपोट्टा, मुक्ति मिंज , निलकुमारी सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफStyle

# निकिता

## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।



हॉलीवुड मसाला



# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जैक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले में ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'




# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

**लॉस एंजिल्स।** सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।



# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी। यह गाना आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है और इसी गाने ने उन्हें दर्शकों के बीच यादगार बना दिया।



# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिलम 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

टीवी मसाला



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी। यह बात आरुषि को बुरी लगी, उसने कृष्णा से सवाल-जवाब किया। इस दौरान कृष्णा ने कहा कि उनकी प्रायोरिटी सिर्फ 'द 50' शो है, ना कि कोई प्रतियोगी। इस तरह से कहीं ना कहीं कृष्णा ने अपने ही टीम मेंबर को शो में बने रहने के लिए धोखा दिया। आरुषि को वोट आउट करने से पहले ही कई प्रतियोगी दो दिन पहले ही शो से बाहर हो चुके थे। इस लिस्ट में डांसर सपना चौधरी और इंफ्लुएंसर मनीषा रानी शामिल हैं। सपना चौधरी इस शो के कारण काफी चर्चा में आईं, उनके बाकी प्रतियोगियों से काफी झगड़े भी हुए।'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिंस नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। 'द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।

## जसकोमल पर दिल हार बैठीं पवित्रा

**नई दिल्ली।** अपनी सगाई की घोषणा के लगभग छह महीने बाद, पवित्रा पुनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पवित्रा के मंगेतर का चेहरा सामने आ गया है। उनके होने वाले पति जसकोमल सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया है, जिसमें वो पवित्रा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। जसकोमल सिंह अमेरिका में रहते हैं और एक बिजनेसमैन हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं, जैसा कि पवित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा था। संगीत से उन्हें काफी लगाव है। उनका इंस्टाग्राम गाने के वीडियो से भरा पड़ा है।



उनके इंस्टाग्राम पर करीब 23.7 हजार फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे सिर्फ 52 लोगों को फॉलो करते हैं। पवित्रा ने बताया था कि वे काफी समय से साथ हैं और यह रिश्ता उन्हें सही लगता है। उनका परिवार भी इस रिश्ते से बहुत खुश है। इससे पहले पवित्रा का रिश्ता अभिनेता एजाज खान से था।

# किसी ने महज 10 साल में जीता अवॉर्ड तो किसी को मिली प्लास्टर की ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** पहला ऑस्कर समारोह 16 मई 1929 को लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड रूजवेल्ट होटल में एक निजी डिनर के रूप में आयोजित किया गया था। यह समारोह सिर्फ 15 मिनट ही चला था। पहले ऑस्कर अवॉर्ड में विंग्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला था। जबकि एमिल जैनिंग्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेनेट गेनर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनी थीं। वहीं फ्रैंक बोरजेज को 'सेवन हेवन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ड्रामा) का ऑस्कर मिला था।

व्यक्तिगत तौर पर वाल्ट डिज्नी ने सबसे अधिक 26 ऑस्कर जीतने का रिकॉर्ड बनाया है, और उन्हें 59 बार नामांकित किया गया था।

अमेरिकी अभिनेत्री टैटम ओ नील सबसे कम उम्र में ऑस्कर जीतने वाली शख्स हैं। उन्होंने सिर्फ 10 साल की उम्र में 'पेपर मून' फिल्म के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया था।

क्रिस्टोफर प्लंबर ऑस्कर जीतने वाले सबसे उम्रदराज कलाकार हैं। उन्होंने 82 साल की उम्र में यह अवॉर्ड जीता।

कैथरीन बिगेलो ऑस्कर जीतने वाली पहली महिला निर्देशक हैं। उन्हें 2010 में फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए यह अवॉर्ड मिला था।



साउंड मिक्सर केविन ओ कोनेल एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने 20 नॉमिनेशंस के बावजूद आज तक कोई ऑस्कर नहीं जीता है।

जैक निकोलसन सबसे ज्यादा बार नॉमिनेट होने वाले एक्टर हैं जिन्हें 12 ऑस्कर्स मिल चुके हैं।

जीवित व्यक्तियों में सबसे ज्यादा बार कंपोजर जॉन विलियम्स को नॉमिनेट किया गया है। उन्हें 49 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं।

पीटर फिंच और हीथ लेजर एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं जिन्हें मरणोपरांत ऑस्कर से सम्मानित किया गया है।

ऑस्कर की ट्रॉफी सोने की बनी होती है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑस्कर की ट्रॉफी प्लास्टर की दी गई थी। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान धातु की कमी के कारण, 3 साल तक ऑस्कर की मूर्तियां सोने के बजाय प्लास्टर की बनाई गई थीं।


1938 में अमेरिकी एक्टर एडगर बर्गन को ऑस्कर की अनोखी ट्रॉफी दी गई थी। ये ट्रॉफी लकड़ी की बनी हुई थी, जिसमें एक चलता हुआ मुंह था, जो चार्ली मैकार्थी की वेंट्रिलोक्विज़्म विशेषता को दर्शाता था।

ऑस्कर के इतिहास में केवल 3 लोग ही ऐसे हैं जिन्होंने ये अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनमें डडली निकोल्स, जॉर्ज सी. स्कॉट और मार्लन ब्रांडो के नाम शामिल हैं। इन्होंने व्यक्तिगत सिद्धांतों और राजनीतिक विरोध के चलते पुरस्कार लेने से मना किया था।

जेनिफर लॉरेंस ने 2013 में ऑस्कर में 40 लाख डॉलर की ड्रेस पहनी थी, जो ऑस्कर इतिहास की सबसे महंगी ड्रेसों में से एक है।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बाद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं।



स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्ममेकर्स मानते थे लकी, गरीबी में तोड़ा दम

# हीरालाल : भारतीय सिनेमा का पहला विलेन, देश की आजादी के लिए लड़ा

***मुंबई।*** *जब भी भारतीय सिनेमा के आइकॉनिक विलेन्स की बात होती है, तो जेहन में शाकाल, मोगेम्बो और गब्बर जैसे किरदार और उन्हें निभाने वाले एक्टर्स के चेहरे ही उभरते हैं, लेकिन जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला विलेन कौन था? भारतीय सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई थी। तब पहली बार लोगों को फिल्मों और फिल्मी पर्दे के बारे में पता चला था। फिर धीरे-धीरे फिल्मों में नेगेटिव किरदारों की शुरुआत हुई, तो सबसे पहला मौका इसी एक्टर को मिला। ये थे हीरालाल यानी हीरालाल ठाकुर, जिन्हें भारतीय सिनेमा का पहला विलेन माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भारतीय सिनेमा में विलेन के किरदारों की शुरुआत हीरालाल ने ही की थी। लेकिन हीरालाल की उपलब्धि सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रही। बल्कि वह देश की आजादी की लड़ाई भी लड़े। हीरालाल ने अपने 50 साल से अधिक लंबे करियर में 150 फिल्में कीं, पर अफसोस कि जब उनकी मौत हुई, तो जेब में एक फूटी कौड़ी नहीं थी। 'संडे सिनेमा' की स्पेशल सेगमेंट में भारतीय सिनेमा के इसी नायाब हीरे यानी हीरालाल ठाकुर की कहानी बता रहे हैं।*



### निभाए ज्यादातर नेगेटिव किरदार

हीरालाल ठाकुर ने वैसे तो फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट का रोल ही प्ले किया था, पर उनके ज्यादातर किरदार नेगेटिव थे। इसी वजह से उन्हें भारतीय सिनेमा का 'बैडमैन' कहा जाने लगा था। हीरालाल साल 1912 में लाहौर में पैदा हुए थे। परिवार में कोई भी फिल्मों में नहीं था, लेकिन उन्हें रामलीला देखकर एक्टिंग का शौक लग लग गया। रामलीला में भी वह रावण के किरदार से प्रभावित थे। यह प्रभाव इस कदर हावी था कि हीरालाल ने विलेन बनकर छाने और नेगेटिव किरदार से ही शुरुआत करने का फैसला कर लिया।


### इस फिल्म ने रातोंरात बनाया स्टार

हीरालाल इसी ख्वाहिश के साथ फिल्मों में आ गए। उन्होंने साइलेंट फिल्मों के दौर में सिनेमा में कदम रखे थे। हीरालाल ठाकुर को पहली फिल्म साल 1924 में ऑफर हुई थी, जिसका नाम 'सफदर जंग' था, लेकिन उन्होंने शूटिंग 1929 में फिल्मों में एंट्री के बाद शुरू की थी। इसी के साथ हीरालाल को 'डॉटर्स ऑफ टुडे' नाम की एक फिल्म भी ऑफर हुई। वह फिल्म 'सफदर जंग' से पहले रिलीज हो गई। यह 1928 में आई थी और हीरालाल की बतौर डेब्यू पहली फिल्म मानी जाती है। इसके बाद जब 'सफदर जंग' रिलीज हुई, तो वह ब्लॉकबस्टर रही और हीरालाल छा गए।

### बंटवारे के बाद भारत आए

फिर आया साल 1945, जब बंटवारे की बादल हावी होने लगे। उसी दौरान हीरालाल ने लाहौर में दर्पणरानी नाम की एक लड़की से शादी कर ली और पांच बेटे-एक बेटी के पिता बने। साल 1947 में बंटवारा हुआ तो हीरालाल पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए और कोलकाता में बस गए। फिर वहां से 1949 में बॉम्बे चले गए। चूंकि, हीरालाल की पंजाबी, उर्दू, हिंदी और इंग्लिश भाषा पर अच्छी-खासी पकड़ थी, इसलिए उन्हें बॉम्बें में काम ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं हुई। फिल्मों में भी आसानी से काम मिल गया।

### ऑल टाइम हिट फिल्में



कृष्ण लीला (1946), सीता (1934), मेरी बहन (1944), अरेबियन नाइट्स (1946), महबूबा (1954), शाह बेहराम (1955), रियासत (1955), सिंदबाद, अलीबाबा और अल्लादीन (1965), शीबा और हरक्यूलिस (1967), अलीबाबा (1976)।

### 20 साल में 20 फिल्में

इस एक फिल्म ने हीरालाल को साइलेंट फिल्मों के दौर के टॉप स्टार्स में ला खड़ा किया। इसके बाद हीरालाल के पास फिल्मों की लाइन लग गई। 'सिनेमाजी' के मुताबिक, उन्होंने 1928 से साल 1948 के बीच करीब 20 फिल्में कीं, जिनमें विलेन और नेगेटिव रोल प्ले किए। वो सभी फिल्में हिट रहीं और मेकर्स उन्हें अपना लकी चार्म मानने लगे। बताया जाता है कि उसके बाद सभी मेकर्स हीरालाल को अपनी फिल्म में साइन करने के लिए उत्साहित रहते थे। उनकी ज्यादातर फिल्में हिट हो जाती थीं। इनमें 'कृष्ण लीला', 'सीता' और 'मेरी बहन' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने करियर में हीरालाल ने सिर्फ नेगेटिव किरदार ही निभाए, बल्कि पौराणिक, एक्शन और फैंटेसी जॉनर की फिल्मों में भी हाथ आजमाया, और वहां भी उन्हें सफलता ही हाथ लगी।

## खबर संक्षेप

### पंकज बने राजपत्रित अधिकारी वित्त मंत्री ओपी ने दी बधाई



**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ग्राम पड़ीगांव पुसौर निवासी पंकज पटेल को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता पर बधाई दिया है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीक्षक बाल देखभाल संस्था, द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी के पद पर चयनित होना गौरव की बात है। उन्होंने उज्वल भविष्य की कामना प्रेषित की है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की सूची जारी

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष नगेंद्र नेगी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम उठाते हुए घरघोड़ा, तमनार और लैलूंगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की नई कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी है। यह सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद आधिकारिक रूप से घोषित की गई है। बताया गया कि तीनों ब्लॉकों के कांग्रेस अध्यक्षों द्वारा अपनी अपनी कार्यकारिणी के गठन के लिए अनुशंसा पत्र जिला कांग्रेस कमेटी को भेजे गए थे।
जिला कांग्रेस कमेटी ने इन प्रस्तावों को परीक्षण के बाद अनुमोदन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी को प्रेषित किया था। पीसीसी से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात जिला अध्यक्ष नगेंद्र नेगी ने इन तीनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की सूची जारी कर दी। जारी सूची के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में एक कोषाध्यक्ष, आठ उपाध्यक्ष, दस महामंत्री, छह सचिव और छह कार्यकारिणी सदस्य शामिल किए गए हैं। नई कार्यकारिणी में अनुभवी नेताओं के साथ-साथ युवा और सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा सके। जिला अध्यक्ष नगेंद्र नेगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के सम्मान को प्राथमिकता देती रही है।

### नवरात्र पर्व के लिए कलेक्टर से मिले माँ बंजारी समिति के सदस्य



**तमनार।** सर्व शक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में बासंतिक चैत्र नवरात्र पर्व 71 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के लिए 16 मार्च को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से माँ बंजारी धाम समिति सदस्य कार्यकर्ता मिलकर नवरात्र पर्व के सम्बन्ध में चर्चा परिचर्चा की गई। 19 मार्च दीप प्रज्वलन शुभारंभ नवरात्र पर्व हेतु न्यौता दिया गया। बंजारी माई की कृपा से परंपरा अनुसार नवरात्रि पर्व में मां बंजारी देवी नवदुर्गा की पूजा अर्चना अखंड मनोकामना दीप प्रज्वलित की जाती है इस वर्ष बासंतिक नवरात्र हेतु 18 मार्च बुधवार को विशाल कलश यात्रा 19 मार्च को मनोकामना दीप प्रज्वलन शुभारंभ, 27 मार्च को सामूहिक हवन पूजन विशाल महाभण्डारा की जाएगी। श्री बंजारी मांई की असीम कृपा और कलेक्टर रायगढ़ मयंक चतुर्वेदी जी के कुशल दिशा निर्देशन में बंजारी माई धाम में नवनिर्माण, मंदिर का रंग रोगन अन्य नवरात्र पर्व में विभिन्न व्यवस्था की जा रही है।

### जिला जेल जांजगीर में 169 बंदियों की हुई जांच

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल परिसर जांजगीर में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी की स्क्रीनिंग की गई तथा बंदियों को हेपेटाइटिस-बी संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है।

---

बुकिंग, वितरण और भंडारण को लेकर जारी निर्देश, अफवाहों से दूर रहने की अपील

# जिले में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक अनावश्यक न हों परेशान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को घबराने या अनावश्यक बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एलपीजी की बुकिंग, वितरण और भंडारण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में 2 लाख 63 हजार 406 घरेलू गैस उपभोक्ता हैं, जिनके लिए गैस कंपनियों द्वारा नियमित रूप से सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे रिफिल सिलेंडर की बुकिंग निर्धारित प्रक्रिया और समय अंतराल के अनुसार ही कराएं।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा दो रिफिल बुकिंग के बीच न्यूनतम अंतराल तय किया गया है। इसके अनुसार नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल रखा गया है। दूसरी ओर डर की वजह से गैस एजेंसी के दफ्तरों में लंबी लंबी लाइन भी लग रही है। खालसा इंडेन गैस एजेंसी संचालक हरजीत सिंह ने बताया कि गैस सिलेण्डर की कोई दिक्कत नहीं है। उपभोक्ताओं को बुक कराने के तुरंत बाद डिलीवरी दी जा रही है। साथ ही गर्मी को देखते हुए आने वाले उपभोक्ताओं को ठंडा पानी के साथ नाश्ते की भी व्यवस्था की जा रही है।

**कमर्शियल सिलेंडर अत्यावश्यक सेवाओं के लिए**



व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति अत्यावश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर दी जाएगी। साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में विस्फोटक लाइसेंस के अभाव में अधिकतम 100 किलोग्राम तक ही एलपीजी भंडारण का प्रावधान है। होटल, रेस्टोरेंट, अन्य प्रतिष्ठानों तथा विवाह समारोह के आयोजकों से अपील की गई है कि गैस की खपत कम करने के लिए भोजन के मेन्यू को सीमित रखें तथा तंदूर के उपयोग के साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत जैसे डीजल स्टोव, इलेक्ट्रिक इंडक्शन, लकड़ी या गोबर के कंडे सीमित मात्रा में का उपयोग करें।

**दो सौ सिलेंडर की बढ़ी आपूर्ति**

जिले में बढ़ाई गई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति जिले में पहले प्रतिदिन लगभग 3600 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब 3800 सिलेंडर प्रतिदिन कर दिया गया है। गैस एजेंसियों में कंपनियों द्वारा लगातार पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि अफवाहों या दुष्प्रचार से प्रभावित होकर बार बार ऑनलाइन बुकिंग न करें और आवश्यकता के अनुसार ही सिलेंडर बुक कराएं।

## एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल का है पर्याप्त स्टॉक



**सारंगढ़।** जिले में एलपीजी गैस की नियमित उपलब्धता और सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के सभी गैस संचालकों के साथ समीक्षा बैठक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में 3300 घरेलू एलपीजी रिजर्व में है। इसी प्रकार पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है इसलिए जिले के नागरिक किसी भी प्रकार के अफवाह या भ्रामक खबर पर ध्यान नहीं दे। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि ऑयल कम्पनियों के पास इन पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उनकी नियमित आपूर्ति जारी है। अनावश्यक रूप से एलपीजी की ऑनलाईन बुकिंग या पेट्रोल डीजल के संग्रहण जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। ऑयल कम्पनियों और जिलों मे उपलब्ध एलपीजी, पेट्रोल, डीजल के स्टॉक की दैनिक जानकारी खाद्य विभाग के मॉड्युल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके आधार पर प्रतिदिन जिले में प्राप्त स्टॉक, विक्रय मात्रा तथा शेष उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। कलेक्टर ने खाद्य विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों को एलपीजी गैसए पेट्रोल और डीजल के अवैध संग्रहण तथा दुरूपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। संदिग्ध स्थलों की पहचान कर नियमित जॉच एवं वश्यकतानुसार छापेमारी की कार्यवाही करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है।



## छाल- खरसिया रोड होगा चकाचक, हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

खरसिया मार्ग एसएच-18 के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला प्रशासन और एसईसीएल के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर रायगढ़ जिले में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बीते गुरुवार को जिला प्रशासन और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस एमओयू के तहत छाल से खरसिया रोड (स्टेट हाईवे–18) के कुल 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य को किया जाएगा। विदित हो कि इस कार्य हेतु एसईसीएल द्वारा कुल 15.34 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस कार्य का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग रायगढ़ द्वारा किया जाएगा। इस सड़क के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा स्थानीय नागरिकों और उद्योगों को भी काफी लाभ मिलेगा। साथ ही, खनन क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाने में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिला प्रशासन रायगढ़ और एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के बीच हुए इस समझौते को क्षेत्र के विकास और बेहतर यातायात व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस अवसर पर एसईसीएल रायगढ़ के जीएम मनोज कुमार और पीडब्ल्यूडी के ईई अमित कश्यप समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों ने किया रायपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन




**बरमकेला।** स्थानीय पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस सरसीवां के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उन्हें विज्ञान, इतिहास और संस्कृति की विविधताओं से परिचित कराना था। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने राजधानी रायपुर के प्रमुख वैज्ञानिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया और नई जानकारियां प्राप्त कीं।

विद्यालय से रवाना होने से पहले शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भ्रमण के महत्व और अनुशासन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। छात्र-छात्राओं में इस शैक्षणिक यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की और भ्रमण स्थल के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का पहला पड़ाव रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र रहा। यहां विद्यार्थियों को विज्ञान की अनेक अवधारणाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर मिला। विज्ञान केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न मॉडलए उपकरण और प्रयोगात्मक गतिविधियों ने छात्रों को विज्ञान के प्रति और अधिक जिज्ञासु बना दिया। फन साइंस गैलरी में भौतिकी के जटिल सिद्धांतों को सरल और रोचक प्रयोगों के माध्यम से समझाया गया।

### संगठन की विचारधारा से अवगत कराने प्रशिक्षण

**घरघोड़ा।** मंडल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस में भाजपा नेता शामिल हुए। महामंत्री विकास केडिया ने जानकारी देते हुए कहा कि यह चौबीस घंटे का आवासीय प्रशिक्षण शिविर है, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्य पद्धति एवं विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया, जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर एवं पूर्व विधायक विजय अग्रवाल की मौजूदगी रही। वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर संगठन को अधिक सशक्त बनाने हेतु कार्यकताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## धरमजयगढ़ के खम्हार ग्रामीण बैंक में ताला टूटा, चोरी की आशंका से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमजयगढ़




धरमजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम खम्हार स्थित ग्रामीण बैंक शाखा में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब बैंक का मुख्य ताला टूटा मिला। स्थानीय लोगों ने बैंक परिसर की स्थिति संदिग्ध देखकर इसकी सूचना बैंक कर्मचारियों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक परिसर का निरीक्षण किया। ताला टूटे होने के कारण बैंक में चोरी की आशंका जताई जा रही है।

फिलहाल पुलिस बैंक के अंदर रखे सामान और दस्तावेजों की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई नकदी या अन्य सामान गायब तो नहीं है। बैंक प्रबंधन द्वारा शाखा के अंदर मौजूद नकदी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चोरी हुई है या सिर्फ ताला तोड़ने की कोशिश की गई है। नुकसान का सही आकलन जांच के बाद ही सामने आएगा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

## महिलाओं के सशक्तिकरण से होगा मजबूत भारत का निर्माणः मीरा



**रायगढ़।** महिलाओं के सशक्तिकरण से मजबूत भारत का निर्माण का संकल्प लेने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण के जरिए राजनीति में महिलाओं की भूमिका को मजबूत बनाया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते है महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मीरा मिहिर पतकी ने कहा जिला भाजपा कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए एक आयोजन किया गया था। इस सफल आयोजन के लिए महिला मोर्चा अध्यक्ष मधुलता पटेल को साधुवाद देते हुए कहा महिला सशक्तिकरण भारत में नए युग की शुरुवात है। इस आयोजन के संबंध में मोर्चा अध्यक्ष मधुलता ने कहा कि आज विधायक वित्त मंत्री ओपी चौधरी की माता कौशल्या चौधरी का सम्मान किया गया। पति के निधन के बाद सरकार की अनुकम्पा नियुक्ति लेने की बजाय विपरीत परिस्थिति में बेटे को पढ़ाकर उसे कलेक्टर बनाने में उनकी अहम भूमिका रही। आज उनके बेटे प्रदेश के वित्त मंत्री है और उनकी नीतियां पूरे छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर अग्रसर कर रही है ऐसी माता को सम्मानित करना भाजपा के लिए गर्व का विषय है। महिलाओं को विधिक जानकारी देने हेतु अधिवक्ता शारदा मलिक एवं देवकी साहू का भी सम्मान किया गया ताकि महिलाओं को उनके अधिकार के संबंध में सही जानकारी दी जा सके। भाजपा एक बड़ा दल है और कोई महिला पार्टी के पास आती है तो अधिवक्ताओं के जरिए उन्हें कानूनी सलाह दी जा सके। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मीरा मिहिर पतकी की मौजूदगी रही। साथ ही विधिक सलाहकार अधिवक्ता शारदा मलिक, अधिवक्ता देवकी साहू, जिलाध्यक्ष अरुण धर दीवान, महामंत्री विकास केडिया, महिला मोर्चा महामंत्री द्वय वीणा विश्वास, रेखा महामिया, महिला मोर्चा से जुड़े पदाधिकारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा सुनीति राठिया, शीला तिवारी, सुषमा खलखो, शोभा शर्मा, पूनम सोलंकी, शांता साय समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फैसले पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने जताई खुशी



**कटेली।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष विजय लहरे की अध्यक्षता में संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। संघ की लंबित पदोन्नति की मांग के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित राज्य शासन एवं छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ के द्वारा दायर पर अंतिम सुनवाई 12 मार्च के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उक्त दोनों एसएलपी को निरस्त करने पर हर्ष व्यक्त कर न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2010 में शासन द्वारा 4 दिसंबर 2018 को एक अध्यादेश जारी कर पदोन्नति नियमों में परिवर्तन कर दिया गया था जिसमें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की वरिष्ठता प्रभावित हो रही थी तथा छत्तीसगढ़ शासन राज्य में लागू छत्तीसगढ़ पदोन्नति नियम 2003 का भी अतिक्रमण हो रहा था। जिसको लेकर संघ के तत्कालीन अध्यक्ष एम पी आडे एवं अन्य तीन साथियों द्वारा 4 दिसंबर 2018 को जारी अध्यादेश के विरुद्ध माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## थर्मल पावर भारत की एनर्जी की रीढ़ है ऐश प्रबंधन की जिम्मेदारी भी हैः एमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉवर टेक्नॉलॉजी तमनार में ऐश युटिलाइजेशन पर नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए जेपीएल तमनार के एमडी प्रदीप्तो कुमार मिश्रा ने कहा कि थर्मल पावर दशकों से भारत की एनर्जी पावर की रीढ़ रहा है। इससे उद्योगों को शक्ति मिलती है, बुनियादी ढांचे का विकास होता है और देश के आर्थिक विकास का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि उर्जा उत्पादन के साथ ही इसके उप उत्पादों फ्लाई ऐश और बॉटम ऐश के प्रबंधन की जिम्मेदारी भी आती है।

जेपीएल के एमडी प्रदीप्तो कुमार मिश्रा ने कहा कि देश में हर साल लगभग 280 मिलियन टन फ्लाई ऐश का उत्पादन होता है। जिसके कारण फ्लाई ऐश उत्पादकों में भारत दुनिया में सबसे बड़े उत्पादकों में से एक बन जाता है। एमडी श्री मिश्रा ने कहा कि उद्योगों के प्रयासों और सरकारी नीतियों के कारण भारत में फ्लाई ऐश का उपयोग बहुत बढ़ गया है, हाल के वर्षों में 90 प्रतिशत उपयोग के करीब पहुंच गया है। हालांकि केंद्र सरकार ने 100 प्रतिशत फ्लाई ऐश के उपयोग को अनिवार्य किया है। उन्होंने कहा कि बिजली संयंत्रों के लिए यह आदेश चुनौती और अवसर दोनों है। उन्होंने कहा कि राख को केवल निपटान की आवश्यकता वाले अपशिष्ट उत्पाद के रूप में नहीं देखा जा सकता बल्कि इसे एक मूल्यवान संसाधन के रूप में पहचाना जा रहा है।

**इन कार्यों में हो रहा ऐश का उपयोग**

एमडी प्रदीप्तो कुमार मिश्रा ने नेशनल कांफ्रेंस में बताया कि ऐश का उपयोग अब बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि ऐश का उपयोग सीमेंट बनानेए सड़क निर्माण व तटबंध बनाने में किया जा रहा है इसके अलावा बुनियादी ढांचे के विकास में भी ऐश का उपयोग हो रहा है साथ ही खदानों के भराव और भूमि सुधार में भी ऐश का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब ऐश का उपयोग प्रभावी ढंग से किया जाए तो फ्लाई ऐश टिकाउ बुनियादी ढांचे के विकास और चक्रीय अर्थव्यवस्था प्रथाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

## स्काई टीएमटी ने किया चपले में स्वास्थ्य शिविर और दवा वितरण




**खरसिया चपले।** ग्राम चपले में बीते 14 मार्च को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण कैंप का सफल आयोजन किया गया। शिविर में स्काई एलॉयज के डॉ. टेकलाल पटेल ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रभु नारायण एमबीबीएस, एएफआईएच तथा ओएचसी स्टाफ उपस्थित रहे। चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर स्काई टीएमटी के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी हमेशा सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्काई टीएमटी केवल औद्योगिक विकास ही नहींए बल्कि समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए भी लगातार प्रयासरत है। इस स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों ने नियमित स्वास्थ्य जांच कराई एवं दवा वितरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान मरीजों को विभिन्न बीमारियों से बचाव, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
EX-हरिद्वार
09 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
18 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
यदि आपके पास 2,3,4 या 5 श्रद्धालुओं का छोटा ग्रुप है तो भी
आप इन्हें निर्धारित तिथियां में इस ग्रुप के साथ भेज सकते हैं
इससे आपकी यात्रा कैंसिल नही होगी और आसानी से यात्रा हो सकेगी
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त